आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांक 29.04.2024 समय 18.30

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल एक दिन के दौरे पर जयपुर आएंगे।
- राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा –सभी विश्वविद्यालय ऐसे नवाचार अपनाएं जिससे विद्यार्थी स्थानीय संसाधनों का समुचित उपयोग कर अपने आपको समर्थ बना सकें।
- उत्तर पश्चिम रेलवे के फुलेरा–जोधपुर रेल मार्ग के दोहरीकरण का कार्य पूरा।
- राज्य के ज्यादातर स्थानों पर तेज गर्मी का असर बरकरार –कई जगहों पर पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल जयपुर के दौरे पर रहेंगे। वे सुबह करीब पौने 10 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। उपराष्ट्रपति जयपुर में कुलिश स्कूल का उद्‌घाटन करेंगे। साथ ही वे कर्पूर चन्द्र कुलिश की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। उपराष्ट्रपति कल ही दिल्ली लौट जायेंगे।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि तकनीकी शिक्षा की सार्थकता तभी है जब उससे आम लोगों का जीवन सुगम बने। आज बीकानेर में टैकनीकल यूनिवर्सिटी के दूसरे दीक्षांत समारोह में श्री मिश्र ने कहा कि प्रौद्योगिकी शिक्षा देश के तकनीकी विकास के विभिन्न पहलुओं के प्रबंधन से ही नहीं जुड़ी है बल्कि हमारी शिक्षा व्यवस्था को एक महत्वपूर्ण आधार प्रदान करती है। राज्यपाल ने कहा कि यह दौर सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के साथ तेजी से विकास का है और ऐसे समय में यह जरूरी है कि हर विश्वविद्यालय कुछ ऐसे नवाचार अपनाएं जिससे वहां पढ़ने वाले विद्यार्थी स्थानीय संसाधनों का समुचित उपयोग करने के साथ वैश्विक रूप में अपने आप को समर्थ बना सकें। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों को रोजगार के अधिकाधिक अवसर मिले इसके लिए नवाचारी कार्यशाला और इंडस्ट्रीज के साथ मिलकर विभिन्न प्लेसमेंट मेलों के आयोजन जैसी पहल की जाए।

....................

इससे पहले राज्यपाल श्री मिश्र और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अम्बरीष विद्यार्थी ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। राज्यपाल ने  संविधान की प्रस्तावना ओर मूल कर्त्तव्यों का वाचन किया।

दीक्षांत समारोह के दौरान इस वर्ष बीआर्क, बी डिजाइन, बीटेक, एमटेक, एमबीए, एमसीए पाठयक्रम सहित अन्य पाठ्यक्रमों में कुल 20 स्वर्ण पदक और 3 हजार 171 डिग्रीयों का वितरण किया गया।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने आज बीकानेर में रेड क्रॉस जिला इकाई के पदाधिकारियो से संवाद कर उन्हें रेड क्रॉस से संबंधित आमजन को लाभान्वित किए जाने वाली योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने जिला इकाई के अंतर्गत किए  जा रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने रक्तदान, आम जन चिकित्सा सहायता के लिए भी निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। रेडक्रॉस के विजय खत्री और राजेंद्र जोशी ने उन्हें रेडक्रॉस के कार्यों के बारे में जानकारी दी।

000

राज्यों में मौसमी इन्फ्लूएंजा पर केन्द्र की ओर से कड़ी निगरानी कर रहा है। अमरीका के विभिन्न राज्यों में मवेशियों और दूध में एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस का पता चलने की रिपोर्टों के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश में वर्तमान स्थिति का आकलन करने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ एक समीक्षा बैठक की थी। हालाँकि, अभी तक देश के किसी भी हिस्से में मौसमी फ्लू के मामलों में कोई असामान्य या चिंताजनक बढ़ोतरी नहीं हुई है।

000

बांसवाडा जिला कलेक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव ने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर लू और तापघात के मरीजों के उपचार के लिये सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिये हैं। आज एक समीक्षा बैठक में उन्होंने सभी बीसीएमओ को अस्पतालों में ऐसे मरीजों के लिये विशेष कक्ष बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में आने वाले मरीजों को भी गर्मी से बचाव के उपयों की जानकारी दी जाए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचएल ताबियार ने सिकल सेल एनीमिया जांच अभियान के तहत बांसवाड़ा की प्रगति से अवगत कराया। जिले में 9 लाख 22 हजार से ज्यादा किट सिकल सेल एनीमिया की जांच के लिए प्राप्त हुए थे। इसमें से 8 लाख 75 हजार किट से जांच हो चुकी है।

उधर कोटा में जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने स्वास्थ्य भवन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौसमी बीमारियों के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने ये भी कहा कि डेंगी की जांच के लिये सैंपलिंग बढाई जाए और स्कूल, कोचिंग, हॉस्टल, कच्ची बस्तियों में विशेष जागरूकता अभियान चलाकर डेंगी से बचाव के लिये मिशन स्तर पर काम किया जाए।

इसी तरह बाड़मेर के जिला कलेक्टर निशांत जैन ने आज चवा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीएचसी में संचालित ओपीडी की व्यवस्थाओं को देखा और स्वास्थ्य कर्मचारियों को वहां आने वाले मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलध करवाने के निर्देश दिये।

000

...................

उत्तर पश्चिम रेलवे के फुलेरा से जोधपुर रेल मार्ग के दोहरीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। यह कार्य दो चरणों में स्वीकृत किया गया था जिनमें 146 किलोमीटर लम्बे डेगाना–राई का बाग खण्ड 808 करोड रुपए की लागत से तथा 108 किलोमीटर के डेगाना–फुलेरा खण्ड का कार्य 1007 करोड रुपए की लागत से पूरा किया गया है। श्री शशि किरण ने बताया कि इस मार्ग पर अधिक संख्या में रेलसेवाओं का संचालन होने के कारण इस मार्ग के दोहरीकरण की आवश्यकता थी।

...................

**000**

भाजपा प्रदेश सोशल मीडिया विभाग की ओर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के वीडियो में एडिटिंग कर उसे वायरल करने के मामले में जयपुर साइबर क्राइम पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। भाजपा प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ के संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत और सोशल मीडिया विभाग के सह संयोजक अजय विजयवर्गीय ने यह रिपोर्ट दर्ज कराई है। श्री विजयवर्गीय ने बताया कि यूजर द्वारा वीडियो में एडिटिंग कर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान को आरक्षण समाप्त करने वाला बताते हुए इसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और फेसबुक पर वायरल कर दिया।

000

प्रदेश के भीलवाड़ा शहर के रहने वाले अंतरराष्ट्रीय बहरूपिया कलाकार जानकीलाल भांड नई दिल्ली में पदमश्री से सम्मानित होने के बाद आज भीलवाड़ा पहुंचे। भीलवाड़ा रेलवे

स्टेशन पर शहर वासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। श्री जानकी लाल का शहर में विशाल जुलूस निकाला गया। बाद में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे पूरी मेहनत के साथ लोगों का मनोरंजन करते रहेंगे।

....................

गौरतलब है कि नई दिल्ली में 22 अप्रैल को आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने श्री जानकी लाल को पद्मश्री से सम्मानित किया था।

000

कोटपूतली बहरोड के पावटा क्षेत्र में आज स्कूली बच्चों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर ट्रांसफार्मर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। तेज धमाके के साथ हुई दुर्घटना में ट्रांसफार्मर टूट कर दूर गिर गया। हालांकि बिजली सप्लाई बंद होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से बच्चों को दुर्घटनाग्रस्त बस से सकुशल निकाल कर घर भिजवाया गया।

000

पाली में हाल ही में बना ट्रैफिक पार्क आमजन को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने में काफी उपयोगी साबित हो रहा है। ये पार्क परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से बनाया गया है।

..................

**000**

राज्य के ज्यादातर भागों में तेज गर्मी का असर बरकरार है। आज कोटा में सबसे अधिक 42 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। धौलपुर में दिन का पारा 41 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस रहा। भरतपुर, वनस्थली, अलवर, अंता–बारां और करौली में भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर मापा गया है। बीते 24 घंटे में बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ जिलों में मेघगर्जन के साथ कहीं कहीं हल्की बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक 4 मिलीमीटर बारिश बीकानेर के लूणकरणसर में दर्ज हुई है। आज भी बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश हुई है। मौसम केंद्र जयपुर ने आगामी 48 घंटे में उत्तरी हवाओं के प्रभाव से दिन और रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस गिरावट होने की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि 4 मई को फिर से उत्तर पश्चिमी राजस्थान में कहीं–कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना है।

000